Ph.No. 0151 - 2543419 (O),
2549348 (Fax)
2240380 (Res.)
09414138211 (M)
Email: vcrajuvas@gmail.com

## RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, BIKANER

सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION

**Vice-Chancellor** No.F(अ॰112/18)VCS/RAJUVAS/RTI/2018/67 Dated: 07-03-2018

श्री संदीप कुमार,
S/o श्री शिवदान सिंह
गांव पोस्ट लांबा वाया बगड़,
जिला–झुंझुनू (राज.)
पिन–333023
मो–9829899978

विषयः–अपील सं. 112/2018 श्री संदीप कुमार बनाम लोक सूचना अधिकारी एवं कुलसचिव, राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रकरण में कुलपति एवं प्रथम अपीलेट अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा प्रदत्त निर्णय दिनांक 07.02.2018 की प्रति सलंग्न कर सूचनार्थ/पालनार्थ प्रेषित है।

सलंग्नः– निर्णय प्रति।

Sd/-
निजी सचिव
कुलपति सचिवालय,
राजूवास, बीकनेर

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी एवं कुलसचिव, राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर को निर्णय दिनांक 07.02.2018 की प्रति पालनार्थ/सूचनार्थ प्रेषित है।
2. डॉ. जी.सी. गहलोत, प्रोफेसर, ए.जी.बी., पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर को निर्णय प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि निर्णय विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर जारी करने का कष्ट करावें।

निजी सचिव
कुलपति सचिवालय,
राजूवास, बीकनेर

Ph.No. 0151 - 2543419 (O)
2549348 (Fax)

# RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, BIKANER

**Dr. B.R. Chhipa**
**Vice-Chancellor**

प्रथम अपील संख्या 112/2018

संदीप कुमार,
पुत्र श्री शिवदान सिंह,
गांव व पोस्ट लांबा,
वाया बगड़ जिला
झुन्झुनू (राज.) अपीलार्थी

बनाम

कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी,
राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,
बीकानेर प्रत्यर्थी

अपील प्रस्तुत करने की दिनांक 29.01.2018
अपील में निर्णय की दिनांक 07.02.2018

## *निर्णय*

अपीलार्थी द्वारा कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पत्रांक एफ.(941)/राजुवास/रजि./आर.टी.आई./2018/19 दिनांक 20.01.2018 जिसके द्वारा आवेदन शुल्क के रूप में प्रस्तुत भारतीय पोस्टल आर्डर लेखाधिकारी (वित्त नियंत्रक) को संदाय नहीं होने के कारण आवेदन पत्र मय मूल पोस्टल ऑर्डर आवेदक को लौटाया गया के विरूध अपीलार्थी/आवेदक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत यह अपील प्रस्तुत की गयी है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार से है कि अपीलार्थी/आवेदक ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन पत्र दिनांक 13.01.2018 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 16.01.2018) प्रस्तुत कर सूचना चाही गयी व आवेदन शुल्क के रूप में रू. 10/– (अक्षरे रूपये दस) का भारतीय पोस्टल आर्डर लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर को संबोधित/संदाय कर प्रस्तुत किया गया। सूचना का अधिकार नियम 2012 के प्रावधान्तर्गत आवेदन शुल्क के रूप में प्रस्तुत भारतीय पोस्टल आर्डर लेखाधिकारी (वित्त नियंत्रक) को संबोधित/संदाय कर प्रस्तुत नहीं किया गया होने के कारण कुलसचिव लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक 19 दिनांक 20.01.2018 के द्वारा मूल आवेदन पत्र व भारतीय पोस्टल आर्डर आवेदक को लौटाया गया व संलग्न राजुवास द्वारा शुल्क संदाय की रीतियों के संबंध में जारी परिपत्र दिनांक 20.06.2014 की प्रति प्रेषित की गई। कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को प्रेषित पत्र का विवरण निम्नानुसार है :–

Contd.

श्री संदीप कुमार,
S/o श्री शिवदान सिंह
गांव पोस्ट लांबा वाया बगड़,
जिला—झुंझुनू (राज.)
पिन—333023
मो—9829899978

अ·112/2018

विषयः— सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध करवाने बाबत।

प्रसंगः— आपका प्रार्थना पत्र दिनांक 13.01.2018 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 16.01.2018)

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक प्रार्थना पत्र के क्रम में लेख है कि आप द्वारा सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रासंगिक आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क हेतु संलग्न किये गये भारतीय पोस्टल ऑर्डर सं. **40F 842122** दिनांक 13.01.2018 राशि रू. 10/— का लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर को संबोधित किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2012 के नियम 6 (क) अनुसार आवेदन शुल्क कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी के कार्यालय में शुल्क की राशि रू. 10/— नकद जमा करवायी जा सकती है अथवा नियम 6 (ख) अनुसार विश्वविद्यालय के ***वित्त नियंत्रक*** को संदेय मांग ड्राफ्ट (Demand Draft)/भारतीय पोस्टल आर्डर/बैंकर चैक प्रेषित कर शुल्क भुगतान किया जा सकता है। इस संबंध में कुलसचिव, राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा परिपत्र दिनांक 20.06.2014 जारी कर कार्यवाही के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिये गये है जिसकी फोटो प्रति पत्र के सलंग्न प्रेषित की जा रही है।

तद्नुसार आप द्वारा प्रेषित मूल प्रार्थना पत्र मय उपरोक्तानुसार भारतीय पोस्टल ऑर्डर राशि रूपये 10/— पत्र के सलंग्न लौटाये जा रहे है। परिपत्र दिनांक 20.06.2014 में वर्णित विधिक प्रावधानों अनुसार आवेदन पत्र जो कि लोक सूचना अधिकारी एवं कुलसचिव, राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर को सम्बोधित हो नियमानुसार शुल्क सहित भिजवाये जाने पर अग्रिम कार्यवाही सम्भव होगी।

यदि उपरोक्त कार्यवाही से आप संतुष्ट नहीं है तो पत्र प्राप्ति के 30 दिवस में माननीय कुलपति एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बिजय भवन पैलेस, पं. दीन दयाल उपाध्याय सर्किल के पास, बीकानेर पिन—334001 (राज.) के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

सलंग्नः— उपरोक्तानुसार (मूल आवेदन पत्र
एवं भारतीय पोस्टल आर्डर)

अपीलार्थी द्वारा कुल सचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजुवास, बीकानेर के पत्रांक 19 दिनांक 20.01.2018 से मूल आवेदन पत्र व आवेदन शुल्क के रूप में प्रस्तुत भारतीय पोस्टल आर्डर के वापिस लौटाया गया होने से असन्तुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत कर सूचना देने की प्रार्थना की है। विश्वविद्यालय के ई—मेल दिनांक 03.02.2018 के द्वारा अपीलार्थी को सुनवाई हेतु दिनांक 07.02.2018 नियत की गई होना अवगत करवाया गया। अपीलार्थी ने उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया व कुलसचिव एंव लोक सूचना अधिकारी की ओर से पक्ष प्रस्तुत कर अवगत करवाया गया कि सूचना का अधिकार नियम 2012 में शुल्क के संदाय की रीतियॉ उल्लेखित है जिसमें लोक सूचना अधिकारी के कार्यालय में शुल्क की राशि नकद जमा करवाकर अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक/भारतीय पोस्टल आर्डर संबंधित लोक प्राधिकरण के लेखाधिकारी को देय होने के स्पष्ट प्रावधान हैं, जबकि अपीलार्थी/आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र दिनांक 13.01.2018 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 16.01.2018) के संलग्न आवेदन शुल्क के रूप में प्रस्तुत भारतीय पोस्टल आर्डर लोक सूचना अधिकारी को संबोधित कर प्रस्तुत किया गया है जो कि सूचना का अधिकार नियम 2012 में शुल्क संदाय की रीतियों के संबंध में विहित प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 20.06.2014 जिसमें शुल्क संदाय की रीतियों व भारतीय पोस्टल आर्डर/बैंकर चैक//डिमाण्ड ड्राफ्ट वित्त नियंत्रक, राजुवास, बीकानेर के अलावा किसी अन्य को संबोधित होने की स्थिति में आवेदन पत्र

Contd.

अ·112/2018

मूल ही मय शुल्क वापिस लौटा दिया जाने का स्पष्ट उल्लेख है की ओर ध्यान आकर्षित किया गया व अपील खारिज करने की प्रार्थना की गयी।

उक्त वर्णित तथ्यों, तर्कों, संबंधित अभिलेख व नियमों के परिप्रेक्ष्य में अद्योहस्ताक्षरकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचते है कि कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा सूचना का अधिकार नियम 2012 के प्रावधानो के परिप्रेक्ष्य में मूल आवेदन पत्र व आवेदन शुल्क के रूप में लोक सूचना अधिकारी को संबोधित भारतीय पोस्टल आर्डर अपीलार्थी/आवेदक को वापिस लौटाने में कोई त्रुटि कारित नहीं की है व कुलसचिव एंव लोक सचूना अधिकारी द्वारा की गई कार्यावाही विधि सम्मत है। अतः उक्त तथ्यों व आधारो पर अपील अपीलार्थी खारिज योग्य होने से खारिज की जाती है। निर्णय खुले चैम्बर में सुनाया गया। निर्णय प्रति उभय पक्षों को सूचनार्थ प्रेषित की जावे।

(बी.आर. छीपा )
कुलपति एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी,
राजुवास, बीकानेर

P/c Attested

Registrar
Rajasthan University of Veterinary
& And Animal Sciences, Bikaner